पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने धन्वन्तरि वाटिका में 'गन्धराज' का पौधा रोपित किया

पेड़-पौधों का पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखने में महत्वपूर्ण योगदान है-राज्यपाल

लखनऊ: 07 जुलाई, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज वन महोत्सव के उपलक्ष्य में राजभवन की धन्वन्तरि वाटिका में गन्धराज का पौधा रोपित किया तथा प्रमुख सचिव श्री राज्यपाल श्री हेमन्त राव एवं विशेष सचिव श्री राज्यपाल डॉ0 अशोक चन्द्र ने भी गन्धराज के पौधे रोपित किये। इसके पूर्व राज्यपाल द्वारा राजभवन के निरीक्षक कुलदीप सिंह द्वारा लिखी कविता 'जीवन रक्षक पेड़' के शिलालेख का अनावरण भी किया गया।

वृक्षारोपण के महत्व को बताते हुए राज्यपाल ने कहा कि पेड़-पौधे हमें स्वास्थ्य संरक्षण के लिए फल एवं औषधियां प्रदान करते हैं वहीं पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखने में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। यहां तक कि पौधे हमारे जन्म से लेकर मृत्यु तक किसी न किसी रूप में काम आते हैं। उन्होने हर किसी विशेष अवसर पर पौधों को उपहार में भेंट करने तथा उनके रोपण करने पर बल दिया। राज्यपाल ने यह भी कहा कि रोपित किये जाने वाले पौधों के समुचित विकास एवं उनके रख-रखाव पर विशेष ध्यान दिया जाये।

राजभवन की गृह वाटिका में आम की विभिन्न संकर रंगीन प्रजातियों (सेन्सेशन, टॉमी एटकिन्स, अम्बिका) के पौधे और लीची के पौधे विशेष सचिव श्री राज्यपाल डॉ0 अशोक चन्द्र, वित्त नियंत्रक श्री संजय श्रीवास्तव, सहायक सूचना निदेशक श्री अंजुम नकवी, प्रभारी चिकित्साधिकारी आयुर्वेद डॉ0 शिव शंकर त्रिपाठी एवं उद्यान प्रभारी श्री आर0एन0 मिश्रा सहित राजभवन के अन्य अधिकारियों द्वारा रोपित किये गये।

प्रभारी चिकित्साधिकारी आयुर्वेद एवं प्रभारी अधिकारी धन्वन्तरि वाटिका डॉ0 शिव शंकर त्रिपाठी ने बताया कि वन विभाग द्वारा वन महोत्सव के उपलक्ष्य में 1 से 7 जुलाई, 2018 तक प्रदेश के समस्त जनपदों में वृक्षारोपण किया जा रहा है। डॉ0 त्रिपाठी ने बताया कि राजभवन में फलदार, शोभाकार पेड़-पौधों के साथ-साथ औषधीय पेड़-पौधों का रोपण भी निरन्तर धन्वन्तरि वाटिका में किया जा रहा है। यह वाटिका प्रदेश में औषधीय पौधों की एक आदर्श वाटिका के रूप में जानी जाती है।

अंजुम/ललित/राजभवन(268/5)

श्री राम नाईक
07 जुलाई 2018

मिटने न दो धरती की
आत्मा है पेड़
साक्षात सांस लेते
परमात्मा हैं पेड़
फल और फूल देते
बदले में कुछ न लेते
किसने परोपकारी
महात्मा हैं पेड़ ...1
अमरूद सेब पपीता
लीची अंगूर अनार
हर बहेड़ा आंवला
करते हैं चमत्कार
हैं दिव्य जड़ी बूटी
दिव्यात्मा हैं पेड़ ...2
लौंग सुपारी नारियल
केला तुलसी पान
चंदन बरगद नीम और
पीपल वृक्ष महान
ये देते हैं प्राण वायु
करते हम शताय्
करते सभी बीमारियों का
खात्मा हैं पेड़ ...3
शीशम हैं अखरोट हैं
हैं टीक और देवदार
हैं पर्यावरण के रक्षक
ये वृक्ष शानदार

धन्वन्तरि वाटिका

॥ जीवन रक्षक - पेड़ ॥

मिटने न दो धरती की
आत्मा हैं पेड़
साक्षात सांस लेते
परमात्मा हैं पेड़

फल और फूल देते
बदले में कुछ न लेते
कितने परोपकारी
महात्मा हैं पेड़.....1

अमरूद सेब पपीता
लीची अंगूर अनार
हर्र बहेड़ा आँवला
करते हैं चमत्कार
हैं दिव्य जड़ी बूटी
दिव्यात्मा हैं पेड़.....2

लौंग सुपारी नारियल
केला तुलसी पान
चंदन बरगद नीम और
पीपल वृक्ष महान

ये देते हैं प्राण वायु
करते हमें शतायु
करते सभी बीमारियों का
खात्मा हैं पेड़.....3

शीशम हैं अखरोट हैं
हैं टीक और देवदार
हैं पर्यावरण के रक्षक
ये वृक्ष शानदार

ये बादलों को लाते
घनघोर जल बरसाते
बाढ़ में भूमि की
कटान को बचाते
ये सिर्फ पुण्य करते
पुण्यात्मा हैं पेड़.....4

आओ हम भी धर्म निभायें
पेड़ उगायें पेड़ बचायें
आने वाली पीढ़ियों को
समृद्ध और खुशहाल बनायें

न हिन्दू है न मुस्लिम
न सिख न ईसाई
सब धर्म स्थलों ने
पेड़ों से शोभा पाई
ये धर्म के हैं रक्षक
धर्मात्मा हैं पेड़.....5

गरमाई ठण्डी रातों में
देती बहुत कपास
जीवन में खुशियाँ भरती है
गन्ने की मिठास

बेला और गुलाब चमेली
फूलों की खुशबू क्या कहना
प्रभु चरणों में अर्पित होते
बनते हैं दुल्हन का गहना
हम सबके लिए जैसे
पिता हैं माँ हैं पेड़.....6

छायादार वृक्ष ने नीचे
पथिक शरण पाते हैं
गर्मी में व्याकुल पशु पक्षी
हर्षित हो जाते हैं

आँगन में एक पेड़ लगाये
बिटिया का झूला डलवायें
कल को बच्चे ये न पूछें
पापा कहाँ हैं पेड़

मिटने न दो धरती की
आत्मा हैं पेड़
साक्षात सांस लेते
परमात्मा हैं पेड़.....

कुलदीप सिंह
निरीक्षक, उत्तर प्रदेश पुलिस,
आर. आई. ऑफिस, राजभवन, लखनऊ